# Gujarat Board Textbook Solutions Class 8 Hindi Chapter 8 माँ! कह एक कहानी

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. उपवन की शोभा कैसी थी?**

उत्तर :

उपवन में तरह-तरह के रंगोंवाले फूल खिले थे। उन फूलों पर ओस की बूंदें चमक रही थीं। हवा के हलके झोंकों से जब वे बूंदें एक-दूसरे से मिलती थीं तो उनमें लहर-सी उत्पन्न हो जाती थी। फूलों की सुगंध सारे उपवन में फैली हुई थी। पेड़ों पर बैठे पक्षी कल-कल स्वर में गा रहे थे। इस प्रकार सुबह के समय उपवन की शोभा अत्यंत मनोहर थी।

**प्रश्न 2. माँ से कहानी सुनकर पुत्र ने क्या निर्णय सुनाया?**

उत्तर :

पुत्र छोटा था, पर बुद्धिमान था। माँ से कहानी सुनकर उसे पक्षी के प्रति सहानुभूति उत्पन्न हुई। उसने कहा कि यदि कोई किसी निर्दोष को मारे तो दूसरा उसे क्यों न बचाए? न्याय में दया की भावना होनी चाहिए। इसलिए रक्षक (बचानेवाला) हमेशा भक्षक (मारनेवाले) से बड़ा होता है।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए :**

**प्रश्न 1. पक्षी किस दशा में नीचे गिरा था?**

उत्तर :

आखेटक के बाण से बिंधकर पक्षी घायल हो गया था। उसके एक पंख पर बाण लगा था।

**प्रश्न 2. घायल पक्षी को किसने उठाया? उठाने पर हँस को कैसा लगा?**

उत्तर :

घायल पक्षी को राहुल के पिता ने उठाया। उनका स्पर्श पाकर पक्षी . को लगा जैसे उसने नया जन्म पाया हो।

**प्रश्न 3. आखेटक किस बात के लिए अड़ गया?**

उत्तर :

आखेटक इस बात के लिए अड़ गया कि उसने पक्षी का शिकार किया है। उसका शिकार उसे मिलना चाहिए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए :**

**प्रश्न 1. राहुल के पिताजी कहाँ भ्रमण करते थे? कब?**
उत्तर :
राहुल के पिताजी बड़े सबेरे बगीचे में भ्रमण करते थे।

**प्रश्न 2. आखेटक ने राहुल के पिताजी से क्या माँगा?**
उत्तर :
आखेटक ने राहुल के पिताजी से अपना शिकार माँगा।

**प्रश्न 3. राहुल ने माँ से क्या आग्रह किया?**
उत्तर :
राहुल ने माँ से एक कहानी सुनाने का आग्रह किया।

**प्रश्न 4. चेटी ने राहुल को क्या बताया था?**
उत्तर :
चेटी ने राहुल को बताया था कि तुम्हारी माँ तुम्हारी नानी की बेटी है।

**प्रश्न 5. राहुल के पिताजी कहाँ भ्रमण करते थे? कब?**
उत्तर :
राहुल के पिताजी बड़े सबेरे बगीचे में भ्रमण करते थे।

**प्रश्न 6. राहुल को कहानी कैसी लगी?**
उत्तर :
राहुल को कहानी अत्यंत करुणाभरी लगी।

**प्रश्न 7. आखेटक को किस बात का गर्व था?**
उत्तर :
आखेटक को इस बात का गर्व था कि उसका निशाना सही लगा है।

**प्रश्न 8. विवाद का विषय क्या था?**
उत्तर :
विवाद का विषय यह था कि किसी निर्दोष पक्षी को बचानेवाला बड़ा होता है या उसे मारनेवाला?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 9. कहानी व्यापक कब हुई?**

उत्तर :

कहानी व्यापक तब हुई जब वह न्यायालय में पहुँची और सबने उसे सुनी और समझी।

**प्रश्न 10. माँ ने राहुल से किस पर निर्णय देने के लिए कहा?**

उत्तर :

माँ ने राहुल से इस पर निर्णय देने के लिए कहा कि न्यायालय में पक्षी को मारनेवाला जीतेगा या उसे बचानेवाला।

**सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए :**

**(1) सिद्धार्थ चौंके, क्योंकि ...........**

(अ) उनके पाँव के पास एक बाण आकर गिरा।

(ब) ऊपर से एक घायल हंस नीचे गिरा।

(क) उन्होंने दूर किसी के चीखने की आवाज सुनी।

उत्तर :

सिद्धार्थ चौंके, क्योंकि ऊपर से एक घायल हंस नीचे गिरा।

**(2) आखेटक को इस बात का गर्व था कि ...**

(अ) उसने एक हंस का शिकार किया है।

(ब) उसने सिद्धार्थ को पराजित किया है।

(क) उसका निशाना अचूक रहा।

उत्तर :

आखेटक को इस बात का गर्व था कि उसका निशाना अचूक रहा।

**(3) घायल पक्षी पर अधिकार का विवाद तब सबने सुना और जाना जब ...**

(अ) वह न्यायालय में पहुँच गया।

(ब) वहाँ बहुत-से लोग इकट्ठे हो गए।

(क) वहाँ सिद्धार्थ और आखेटक विवाद करने लगे।

उत्तर :

घायल पक्षी पर अधिकार का विवाद तब सबने सुना और जाना जब वह न्यायालय में पहुंच गया।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(दया, विद्‌ध, हठ, चेटी, उपवन)

उत्तर :

(1) कहती है मुझसे यह चेटी, तू मेरी नानी की बेटी।

(2) सुन, उपवन में बड़े सबेरे, तात भ्रमण करते थे तेरे।

(3) सहसा एक हंस ऊपर से गिरा, विद्‌ध होकर खर-शर से।

(4) तब उसने जो था खगभक्षी, हठ करने की ठानी।

(5) रक्षक पर भक्षक को वारे, न्याय दया का दानी।

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :**

**(1) गौतम बुद्‌ध के बचपन का नाम ............. था।**

A. वर्धमान

B. प्रद्‌योत

C. सिद्‌धार्थ

D. मल्लिक

उत्तर :

C. सिद्‌धार्थ

**(2) 'सुरभि' शब्द का अर्थ ................ होता है।**

A. भैरवी

B. संगीत

C. रागिनी

D. सुगंध

उत्तर :

D. सुगंध

**(3) 'माँ ! कह एक कहानी' कविता की शैली .............. की है।**

A. संवाद

B. विवाद

C. प्रतिवाद

D. प्रसाद

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उत्तर :
A. संवाद

**(4) कवि मैथिलीशरण को .......... की उपाधि मिली थी।**

A. महाकवि
B. राष्ट्रकवि
C. श्रेष्ठ कवि
D. कविरत्न
उत्तर :
B. राष्ट्रकवि

**(5) सिद्धार्थ ने किस पक्षी की रक्षा की?**

A. कबूतर की
B. कोयल की
C. हंस की
D. मोर की
उत्तर :
C. हंस की

**प्रश्न 6. इस कविता को कहानी के रूप में लिखिए :**

अथवा
प्रस्तुत कथा-काव्य का संक्षेप में सार लिखिए।
उत्तर :
राजकुमार सिद्धार्थ तप करने के लिए घर-बार छोड़कर वन में चले गए थे। उनकी पत्नी का नाम यशोधरा था। राहुल उनका पुत्र था।
एक दिन नन्हे राहुल ने माँ से कहानी सुनाने का आग्रह किया। तब यशोधरा ने उसे सिद्धार्थ के बचपन की एक घटना सुनाई।
एक सुबह सिद्धार्थ बगीचे में टहल रहे थे। अचानक बाण से घायल एक हंस उनके पास आकर गिरा। सिद्धार्थ ने उसे उठा लिया। जरूरी उपचार कर उन्होंने हंस को बचा लिया।

थोड़ी ही देर में हंस को घायल करनेवाला शिकारी वहाँ आ पहुँचा। उसने राजकुमार सिद्धार्थ से अपना शिकार माँगा। सिद्धार्थ ने उसे हंस देने से साफ इन्कार कर दिया। शिकारी बोला, "यह हंस मेरे बाण से

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

घायल हुआ है; इसलिए यह मेरा है।" सिद्धार्थ ने कहा, "मैंने इसे बचाया है, इसलिए इस हंस पर मेरा अधिकार है।" दोनों में हंस को लेकर विवाद छिड़ गया। अंत में मामला न्यायालय में पहुंचा।

यशोधरा ने राहुल को इतनी कहानी सुनाकर राहुल से कहा, "अब तू बता कि घायल हंस पर किसका अधिकार होना चाहिए?" राहुल ने कहा, "इस मामले में न्याय दया के पक्ष में होना चाहिए। जिसने घायल हंस को बचाया, उसीको हंस मिलना चाहिए, क्योंकि बचानेवाला मारनेवाले से बड़ा होता है।" माँ ने बेटे की प्रशंसा करते हुए कहा, "तूने कहानी सुनी ही नहीं, उस पर विचार भी किया। तुझसे ऐसे ही न्याय की अपेक्षा थी।"

**प्रश्न 7. अगर पाठशाला के सामने दुर्घटना हुई तो आप क्या करेंगे?**

उत्तर :

अगर हमारी पाठशाला के सामने कोई दुर्घटना हुई तो हम तुरंत पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को स्कूल में लाएँगे। प्राथमिक चिकित्सा पेटी में से दवा और मरहम पट्टी से उसका उपचार करेंगे। यदि चोट अधिक गंभीर हुई तो हम आसपास से डॉक्टर को बुलाएंगे या घायल को अस्पताल पहुंचाएँगे।

**प्रश्न 8. एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा : "बीरबल, दुनिया में सब से अधिक शक्तिशाली कौन है?"**

बीरबल ने क्या कहा होगा? सोचकर कहानी को आगे बढ़ाइए :

उत्तर :

एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा – "बीरबल, दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन है?". बीरबल ने कहा, "जहाँपनाह, दुनिया में सबसे शक्तिशाली सूरज है। बादशाह ने पूछा, "कैसे?" तब बीरबल ने बादशाह को निम्नलिखित कहानी सुनाई।

एक बार हवा, पानी और सूरज में बहस छिड़ी। तीनो स्वयं को सबसे अधिक शक्तिशाली बता रहे थे। एक देवदूत ने उन तीनों की बातें सुनीं। उसने कहा, "देखो, वह यात्री कोट पहने जा रहा है। जो उसका कोट निकलवा दे, वही सबसे अधिक शक्तिशाली है।"

सबसे पहले हवा आगे बढ़ी और तेज चलने लगी। उसने तूफानी रूप ले । लिया। यात्री का कोट फड़फड़ाने लगा। उसने हाथ से कसकर कोट को पकड़े रखा। आखिर हवा ने हार मान ली। अब पानी ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी। जोर की बारिश होने लगी। यात्री पूरी तरह भीग गया, पर उसने कोट न निकाला। अंत में सूरज की बारी आई। इतनी तेज धूप निकली कि यात्री गर्मी सहन न कर सका। वह पसीना-पसीना हो गया। परेशान होकर उसने कोट निकाल दिया। सबने सूरज की शक्ति का लोहा मान लिया। बादशाह ने भी बीरबल की बात का समर्थन किया।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**काव्य-पंक्तियों का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

(1) “वर्ण-वर्ण के ................ यही कहानी।”

(2) “तू है हठी ................ यही कहानी।”

उत्तर :

उत्तर के लिए कविता का सरल अर्थ देखिए।

**निम्नलिखित वाक्यों के क्रियापदों को देखकर उनके काल पहचानकर लिखिए :**

**(1) रजत गा नहीं रहा था, कविता बना रहा था।**

**(2) हा भैया, अब मैं तेरी बात मानूँगा।**

**(3) मैं मौन रहकर तुम्हारी सेवा करना चाहता हूँ।**

**(4) तुम्हें देखकर मेरा हृदय शीतल होता है।**

उत्तर :

(1) गा रहा था। (भूतकाल)

बना रहा था (भूतकाल)

(2) मानूंगा। (भविष्यकाल)

(3) चाहता हूँ। (वर्तमानकाल)

(4) होता है। (वर्तमानकाल)

**निम्नलिखित वाक्यों को सूचना के अनुसार फिर से लिखिए :**

**(1) मैं अहमदाबाद जा रहा हूँ। (भविष्यकाल बनाइए।)**

**(2) मेहल मुंबई गया था। (वर्तमानकाल बनाइए।)**

**(3) गीता आईसक्रीम खायेगी। (भूतकाल बनाइए।)**

उत्तर :

(1) मैं अहमदाबाद जाऊँगा।

(2) मेहुल मुंबई जा रहा है।

(3) गीता ने आईसक्रीम खाई।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए :**

**(1) <u>लड़की</u> ने नई <u>सलवार</u> पहनी है।**

**(2) <u>अध्यापक</u> ने <u>छात्र</u> को <u>कहानी</u> सुनाई।**

**(3) प्रधानमंत्री ने अपने <u>मंत्री</u> से देश की <u>समस्या</u> पर बातचीत की।**

**(4) इस <u>पत्रिका</u> में जो <u>कविता</u> छपी है, <u>वह</u> बहुत मनोरंजक है।**

**(5) लू चलने के कारण, <u>लता</u> सूख गई है।**

उत्तर :

(1) लड़कियों ने नई सलवारें पहनी हैं।

(2) अध्यापकों ने छात्रों को कहानियाँ सुनाईं।

(3) प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों से देश की समस्याओं पर बातचीत की।

(4) इन पत्रिकाओं में जो कविताएँ छपी हैं, वे बहुत मनोरंजक हैं।

(5) लू चलने के कारण लताएँ सूख गई हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in